Regarding construction of a bridge on Son River to connect Bihar and Jharkhand-laid

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर Inter State Connectivity के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है । उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी । जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है । इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी । इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़ेगी । गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा । वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे । बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी । मेरा MORTH, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण कराने की कृपा की जाय । उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है ।